# एबल पुरस्कार विजेताओं की सूची उनके नाम और उपलब्धि सहित (वर्ष 2003 से 2018 तक)

## एबेल पुरस्कार क्या है?

एबल पुरस्कार यूरोप महाद्वीप के उत्तरी भाग में स्थित नॉर्वे सरकार द्वारा प्रतिवर्ष विश्व के प्रसिद्ध गणितज्ञों दिया जाने वाला एक सम्मान है।

| | |
|---|---|
| **पुरस्कार का वर्ग** | गणितज्ञ |
| **स्थापना वर्ष** | 23 अगस्त 2001 |
| **पुरस्कार राशि** | 6 मिलियन नार्वेजियन क्रोनर (7 लाख 76 हजार अमेरिकी डॉलर) |
| **देश** | नॉर्वे |
| **प्रथम विजेता** | जीन पियरे सेर्रे |
| **आखिरी विजेता** | रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स (2018) |

## एबेल पुरस्कार की शुरुआत कब हुई थी?

एबल पुरस्कार की शुरुआत 23 अगस्त 2001 में नॉर्वे के सबसे प्रसिद्ध गणितज्ञ "नील्स हेनरिक एबल" के सम्मान में हुई थी। तब से ही हर साल नॉर्वे सरकार द्वारा एक या एक से अधिक गणितज्ञों को दिया जाता है। इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले प्रथम व्यक्ति "जीन पियरे सेर्रे" थे, जिन्हें गणित के कई हिस्सों जैसे टोपोलॉजी, बीजीय ज्यामिति और संख्या सिद्धांत को आधुनिक रूप देने के लिए साल 2003 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## एबेल पुरस्कार 2017 के विजेता:

नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स ने गणितज्ञ यवेस मेयर (Yves Meyer) को 2017 के लिए एबल पुरस्कार से सम्मानित किया है।उन्हें तरंगिकाओं के गणितीय सिद्धांत के विकास (development of the mathematical theory of wavelets) में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। तरंगिकाओं का सिद्धांत जिसे उन्होंने शुरू किया और मौलिक योगदान दिया, जिसमें छवि प्रसंस्करण से द्रव गतिशीलता के व्यापक अनुप्रयोग प्राप्त किए गए।

**एबेल पुरस्कार 2018 के विजेता:**

साल 2018 में गणित का एबल पुरस्कार कनाडा के गणितज्ञ "रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स" को दिया गया था। इन्हें यह पुरस्कार रिप्रेसेंटेशन थ्योरी से नंबर थ्योरी को जोड़ने के अपने दूरदर्शी प्रोजेक्ट के लिए दिया जाएगा। रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स को यह पुरस्कार 22 मई, 2018 को ओस्लो में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में नॉर्वे के राजा हेराल्ड वी द्वारा प्रदान किया जाएगा।

**वर्ष 2003 से अब तक एबल पुरस्कार विजेताओं की सूची:**

| **साल** | **विजेता का नाम** | **उपलब्धि** |
|---|---|---|
| 2018 | रॉबर्ट पी. लांगलैंड्स | रिप्रेसेंटेशन थ्योरी से नंबर थ्योरी को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट के लिए। |
| 2017 | यवेस मेयर | तरंगिकाओं (छोटे लहरों) के गणितीय सिद्धांत के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए। |
| 2016 | एंड्रयू विल्स | अर्द्ध-स्थायी (semi stable) दीर्घवृतीय वक्र के लिए मॉड्युलरिटी अनुमान के माध्यम से फर्मट के अंतिम प्रमेय के शानदार प्रमाण के द्वारा संख्या सिद्धांत में एक नए युग की शुरूआत करने के लिए। |
| 2015 | जॉन एफ नैश, जूनियर<br>लुई निरेनबर्ग | ज्यामितीय विश्लेषण के लिए गैररेखीय आंशिक अंतर समीकरणों के सिद्धांत और उनके अनुप्रयोगों में अभूतपूर्व और मौलिक योगदान देने के लिए। |
| 2014 | याकॉव सीनाई | गतिशील प्रणालियों, एर्गोडिक सिद्धांत और गणितीय भौतिकी के क्षेत्र में मौलिक योगदान देने के लिए। |
| 2013 | पियरे डेलिग्ने | बीजीय रेखागणित और संख्या सिद्धांत पर उसके परिवर्तनकारी प्रभाव, प्रतिनिधित्व सिद्धांत और संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए। |
| 2012 | एंड्रे ज़ेमेरेडी | असंतत गणित और सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान में योगदान के लिए और योज्य/संकलन (additive) संख्या सिद्धांत और एर्गोडिक सिद्धांत (ergodic theory) पर इन योगदानों के गहरा और स्थायी प्रभाव की पहचान करने के लिए। |
| 2011 | जॉन मिलनॉर | टोपोलॉजी, ज्यामिति और बीजगणित में उल्लेखनीय खोजों के लिए। |
| 2010 | जॉन टेट | संख्याओं के सिद्धांत पर अपने विस्तृत और स्थायी प्रभाव के लिए। |
| 2009 | मिखाइल ग्रोमोव | ज्यामिति में क्रांतिकारी योगदान देने के लिए। |
| 2008 | जॉन जी थॉम्पसन,<br>जैक्स टिट्स | बीजगणित में गहन उपलब्धियों के लिए और विशेष रूप से आधुनिक समूह सिद्धांत को आकार देने के लिए। |

| | | |
|---|---|---|
| 2007 | एस. आर. श्रीनिवास वर्धन | प्रायिकता सिद्धांत में योगदान देने के लिए और विशेष रूप से बड़े विचलन के एक एकीकृत सिद्धांत बनाने के लिए। |
| 2006 | लैनर्ट कार्लसन | हार्मोनिक विश्लेषण और चिकनी गतिशील प्रणालियों के सिद्धांत के लिए उनके गहन और महत्वपूर्ण योगदान के लिए। |
| 2005 | पीटर लैक | आंशिक विभेदक समीकरणों के सिद्धांत तथा उनके कार्यान्वयन के लिए और इन समीकरणों की गणना हेतु महत्वपूर्ण योगदान के लिए। |
| 2004 | माइकल अतियाह और इसाडोर सिंगर | सूचकांक प्रमेय की खोज और प्रमाण के लिए, टोपोलॉजी, ज्यामिति और उसके विश्लेषण को एक साथ लाने के लिए तथा गणित और सैद्धांतिक भौतिकी के बीच समन्वय स्थापित करने हेतु उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए। |
| 2003 | जीन पियरे सेर्रे | गणित के कई हिस्सों जैसे टोपोलॉजी, बीजीय रेखागणित और संख्या सिद्धांत के आधुनिक रूप को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए। |